बातों ही बातों में दीपिका पादुकोण ने खोल दिया आलिया की शादी का राज़?

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी की खबरें पिछले कई महीनों से छाई हुई हैं। कहा तो यह भी जा रहा था कि दोनों इस साल शादी के बंधन में बंध जाएंगे। हालांकि कुछ वक्त पहले जब आलिया से शादी की खबरों के बारे में पूछा गया था तो उन्होंने हंसकर टाल दिया था। तब से लेकर अभी तक आलिया और रणबीर में से किसी ने भी खुलकर यह नहीं बताया कि दोनों कब शादी करेंगे। लेकिन लगता है कि रणबीर की एक्स यानी दीपिका पादुकोण ने इशारों-इशारों में बता दिया है कि उनकी शादी होने वाली है। एक इंटरव्यू में साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा, रणवीर सिंह, आयुष्मान खुराना, दीपिका पादुकोण और आलिया भट्ट के साथ मौजूद थे। यहां विजय से पूछा गया था कि भारतीय सिनेमा में वह किन कलाकारों से सलाह लेना चाहेंगे। इसके जवाब में विजय ने कहा कि दीपिका और आलिया पर उनका क्रश था। लेकिन दीपिका की शादी हो चुकी है। इसके बाद जैसे ही वह आलिया को लेकर बोलने लगे तभी दीपिका ने कहा कि अब उनकी शादी होने जा रही है। इस पर आलिया हैरान रह गईं और दीपिका से पूछ बैठीं कि आखिर उन्होंने ऐसे अचानक क्यों घोषणा की? इस पर दीपिका हंसने लगीं और कहा कि बस उन्होंने ऐसे ही कह दिया। अब दीपिका भले ही अपनी स्टेटमेंट से बचती दिखी हों। लेकिन कहीं न कहीं उन्होंने साफ हिंट दे ही दिया कि आलिया जल्द ही शादी करने जा रही हैं। खैर, अब देखना यह होगा कि आलिया और रणबीर कब शादी करेंगे। फिलहाल तो दोनों अपने-अपने करियर में बिजी हैं। जल्द ही वे अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगे। हाल ही में दोनों मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आए। इस दौरान रणबीर के हाथों में चोट लगी हुई थी और उन्होंने स्लिंग पहना था।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

हाउसफुल 4 की पुरानी तस्वीरों से पूजा हेगड़े ने किया प्रशंसकों को आश्चर्यचकित

इस साल अक्टूबर में रिलीज हुई कॉमेडी-ड्रामा फिल्म हाउसफुल 4 के मुख्य कलाकारों में से एक पूजा हेगड़े भी थीं। फिल्म की कहानी पुर्नजन्म पर आधारित है। पूजा इसमें एक राजकुमारी और लंदन में बसे एक डॉन की बेटी की दोहरी भूमिका में थीं। फिल्म में अक्षय कुमार, कृति सेनन, रितेश देशमुख, कृति खरबंदा, बॉबी देओल और चंकी पांडे भी हैं। हाल ही में पूजा ने इंस्टाग्राम पर अपने फर्स्ट टेस्ट लुक की तस्वीरें साझा की है जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, हैशटैगहाउसफुल4 में राजकुमारी माला के लुक के लिए मेरा पहला लुक टेस्ट।

कैसी लग रही हूं, यह देखने के लिए अपना फोन निकालकर ड्रेसिंग रूम में इसकी कुछ तस्वीरें खींची थी..क्या कहते हैं आप? पूजा का अपने प्रशंसकों को पूछे गए इस सवाल के जवाब में लोगों ने जमकर प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक ने लिखा, आप वाकई में रानी है। किसी और ने लिखा, आप तस्वीर से ज्यादा खूबसूरत हैं। आने वाले समय में पूजा, के.के.राधाकृष्णा कुमार के निर्देशन में बनने वाली फिल्म जान में प्रभास के साथ नजर आएंगी।

क्रिस्टल डिसूजा ने शुरू की चेहरे की शूटिंग

कृति खरबंदा ने हाल में अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म चेहरे छोड़ दी थी। इसके बाद यह खबर आई कि कृति वाला रोल टेलिविजन से मशहूर हुई ऐक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा को मिल गया है। अब क्रिस्टल ने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। क्रिस्टल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह फिल्म का क्लैप बोर्ड लिए दिख रही हैं। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, नई शुरुआत। मेरी ड्रीम टीम के साथ मेरी पहली फिल्म की शूटिंग। रूमी जाफर सर का डायरेक्शन और आनंद पंडित इसे प्रड्यूस कर रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इससे बेहतर कुछ नहीं मिल सकता जिसमें अमिताभ बच्चन, इमरान हाश्मी, अन्नू कपूर, रिया चक्रवर्ती और सिद्धांत कपूर जैसे लोग आपके साथ हों। इंतजार कीजिए, चेहरे अप्रैल २०२० में रिलीज होगी। हमेशा आप सभी का प्यार और आशीर्वाद चाहिए। बता दें कि पहले ऐसी चर्चा थी कि कृति खरबंदा के फिल्म छोड़ने के बाद इस फिल्म में मौनी रॉय या अंकिता लोखंडे को लिए जाने की चर्चा थी। हालांकि बाद में इस रोल के लिए क्रिस्टल डिसूजा का चुनाव किया गया। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में कृति ने कुछ इंटीमेट सीन करने से मना कर दिया था और इसके बाद उन्होंने फिल्म छोड़ दी।